ओ कान्हा बंसी वाले | by Rinku Brijwasi

ओ कान्हा बंसी वारे अब सुनलो मेरी पुकार
सब छोड़ के दुनियादारी मैं आया तेरे द्वार
ओ कान्हा बंसी वारे ....

भक्तों की आँखों के तारे तुम ही सारा जग उजियारे
अब तो आओ मेरे कान्हा नैना तेरी बाँट निहारे
तुम ही मेरे रखवारे तुम ही मेरा संसार
ओ कान्हा बंसी वारे ....

जो भी तेरी शरण में आता उसको कान्हा तू अपनाता
रक्षक बनकर के तू स्वामी अपने उसको गले लगाता
मुझे दर्शन दिखाओ प्यारे तेरे बिन जीवन बेकार
ओ कान्हा बंसी वारे ....

जिसने तेरा नाम पुकारा उसको तूने दिया सहारा
मीरा सतनाम मित्र सुदामा कान्हा तूने पार उतारा
करुणा की दृष्टि कर दो तुम ही मेरे सरकार
ओ कान्हा बंसी वारे ....

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%93-%e0%a4%95%e0%a4%be%e0%a4%a8%e0%a5%8d%e0%a4%b9%e0%a4%be-%e0%a4%ac%e0%a4%82%e0%a4%b8%e0%a5%80-%e0%a4%b5%e0%a4%be%e0%a4%b2%e0%a5%87-by-rinku-brijwasi/